Q.66 आधार के समानांतर एक समतल, 40 cm ऊंचाई वाले शंकु को दो भागों में विभाजित करता है। यदि बने हुए छोटे ऊपरी शंकु का आयतन, मूल शंकु के आयतन का 1/64 है, तो शंकु के आधार से समतल की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10 cm
✓ 2. 30 cm
✗ 3. 40 cm
✗ 4. 20 cm

Q.67 अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, औद्योगिक कार्यस्थलों में आपातकालीन निकास संकेतों के साथ सार्वभौमिक रूप से कौन-सा रंग जुड़ा हुआ है?

Ans
✗ 1. लाल पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 2. पीली पृष्ठभूमि पर काले टेक्स्ट या प्रतीक
✗ 3. नीली पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक
✓ 4. हरी पृष्ठभूमि पर सफेद टेक्स्ट या प्रतीक

Q.68 एक प्रश्न और उसके बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 छड़ों, B, U, N, M और D में से, जहाँ सभी की लंबाई अलग-अलग है, सबसे छोटी छड़ कौन-सी है?
(I) D, U से छोटी है। M, B से छोटी है।
(II) M, D से बड़ी है।

Ans
✗ 1. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✓ 2. कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ 3. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ 4. कथन I और II एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.69 चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि हुई है। मनोज अपनी आय से चीनी पर होने वाले व्यय में केवल 15% की वृद्धि कर सकता है। अपने व्यय को संतुलित करने के लिए, उसे चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए?

Ans
✗ 1. $5\frac{1}{3}\%$
✓ 2. $4\frac{1}{6}\%$
✗ 3. 6.5%
✗ 4. 5%

Q.70 एक व्यापारी ₹2,750 में एक मेज खरीदता है। वह पहले उस पर 28% की वृद्धि करके मूल्य अंकित करता है, फिर ग्राहक को 12% की छूट देता है। यदि ग्राहक विक्रय मूल्य पर 5% GST का भी भुगतान करता है, तो व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत (GST को छोड़कर) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 10.36 %
✗ 2. 15.12 %
✓ 3. 12.64 %
✗ 4. 13.81 %

Q.71 संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?

Ans
✗ 1. (21, 33)
✓ 2. (17, 54)
✗ 3. (28, 49)
✗ 4. (14, 28)

Q.72 एक साइकिल सवार 60 मीटर उत्तर की ओर, फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर और अंत में 70 मीटर उत्तर की ओर साइकिल चलाता है। साइकिल सवार द्वारा तय की गई कुल दूरी कितनी है?

Ans
✗ 1. 10 मीटर
✓ 2. 210 मीटर
✗ 3. 60 मीटर
✗ 4. 150 मीटर

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

Q.73 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 1730 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 13 का संबंध 2199 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ 1. 1433
✗ 2. 1443
✓ 3. 1333
✗ 4. 1543

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी रग, पंखे हैं।
कोई भी पंखा, कार नहीं है।

निष्कर्ष (I) : कुछ रग, कारें हैं।
निष्कर्ष (II) : कुछ पंखें, रग हैं।

Ans
✗ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वाहन में चालमापी के कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. यह वाहन द्वारा तय की गई कुल दूरी को मापता है
✓ 2. यह उस वर्तमान चाल को प्रदर्शित करता है जिस पर वाहन गतिमान है
✗ 3. यह वाहन की चाल में परिवर्तन की दर को दर्शाता है
✗ 4. यह यात्रा के लिए औसत चाल की गणना करता है

Q.76 ₹5,70,000 की धनराशि पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 1.5 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जहां ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans
✗ 1. ₹92,846.25
✓ 2. ₹89,846.25
✗ 3. ₹88,846.25
✗ 4. ₹89,946.25

Q.77 सात बक्से S, T, U, V, W, X और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। U को ऊपर से ठीक तीसरे स्थान पर रखा गया है। U और T के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। W को T के ठीक ऊपर रखा गया है। X और S के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। V को Y के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। U और S के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। ऊपर से दूसरे स्थान पर कौन-सा बक्सा रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✓ 2. X
✗ 3. U
✗ 4. V

Q.78 कामगारों को संभावित खतरों से सचेत करने के लिए चेतावनी संकेतों में मुख्य रूप से किस रंग का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. नीले पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 2. हरे पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट
✓ 3. पीले पृष्ठ पर काले प्रतीक या टेक्स्ट
✗ 4. लाल पृष्ठ पर सफ़ेद प्रतीक या टेक्स्ट

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'सतीश + दीप × पीयूष – हितेश % मयंक' है, तो सतीश का मयंक से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता के भाई की पत्नी की बहन
✗ 2. माता के भाई की पत्नी की बहन
✓ 3. पिता के भाई की पत्नी की माता
✗ 4. माता के भाई की पत्नी की माता

Q.80 एक 42-लीटर विलयन में चीनी और पानी का अनुपात 2 : 5 है। यदि वाष्पीकरण के कारण विलयन का आयतन 35% कम हो जाता है और केवल पानी वाष्पित होता है, तो चीनी और पानी का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
✗ 1. 51 : 42
✓ 2. 40 : 51
✗ 3. 31 : 50
✗ 4. 40 : 41

Q.81 एक क्रेन 200 kg के लोड को 10 सेकंड में 15 मीटर की ऊंचाई तक उठाती है। गुरुत्वीय त्वरण को 10 m/s^2 और ऊर्जा हानि को नगण्य मानते हुए, इस क्रिया के दौरान क्रेन का शक्ति आउटपुट कितना होगा?

Ans
✗ 1. 2000 W
✗ 2. 1500 W
✗ 3. 1000 W
✓ 4. 3000 W

Q.82 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करते है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZOT - TLP
NIL - HFH

Ans
✗ 1. VZZ - BCD
✗ 2. ABD - VZZ
✓ 3. BCD - VZZ
✗ 4. BOC - VZT

Q.83 सात बॉक्स, P, Q, S, T, U, V, और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T और P के बीच ठीक दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल Q को U के ऊपर रखा गया है। P के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। S को W के नीचे लेकिन V के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। दी गई जानकारी के आधार पर, किस बॉक्स को V के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✗ 1. T
✗ 2. P
✗ 3. S
✓ 4. W

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, WAN की विशेषता का सही वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. WAN, 1 से 2km के रेडियस में डिवाइस को कनेक्ट करने तक ही सीमित हैं
✗ 2. WAN सामान्यतः दूरस्थ LAN को कनेक्ट करने के लिए केवल वायरलेस मीडिया का उपयोग करते हैं
✓ 3. WAN को वायर्ड या वायरलेस लिंक के माध्यम से अनेक LAN को कनेक्ट करके बनाया जा सकता है
✗ 4. WAN हमेशा पब्लिक नेटवर्क होते हैं जिन्हें केवल इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) मैनेज करते हैं

Q.85 व्यावसायिक सुरक्षा में शब्द 'HAZOP' का पूर्ण रूप क्या होता है?

Ans
✗ 1. Hazardous Operation Standard (हैज़र्डस ऑपरेशन स्टैंडर्ड)
✓ 2. Hazard and Operability Study (हैज़र्ड एंड ऑपरेबिलिटी स्टडी)
✗ 3. Hazardous Operations Safety (हैज़र्डस ऑपरेशन्स सेफ़्टी)
✗ 4. Handling and Organizing Safety (हैंडलिंग एंड ऑर्गेनाइजिंग सेफ्टी)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.86 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. IT – KV
✗ 2. DG – EH
✗ 3. KE – LF
✗ 4. SJ – TK

Q.87 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
11, 22, 44, 88, 176, ?

Ans
✗ 1. 342
✓ 2. 352
✗ 3. 358
✗ 4. 356

Q.88 एक ठोस लंब वृत्तीय शंकु 7 cm ऊँचा है, तथा इसके आधार की त्रिज्या 22.2 cm है। इसे पिघलाकर एक लंब वृत्तीय शंकु बनाया जाता है, जिसकी आधार त्रिज्या 3.7 cm है। तब शंकु की ऊँचाई (cm में) ______ है।

Ans
✗ 1. 159
✗ 2. 267
✓ 3. 252
✗ 4. 185

Q.89 एक वस्तु ₹300 में खरीदी जाती है और उसका मूल्य 5.5% बढ़ा दिया जाता है। तत्पश्चात, परिणामी मूल्य में 8% की कमी कर दी जाती है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹288.24
✓ 2. ₹291.18
✗ 3. ₹284.45
✗ 4. ₹296.46

Q.90 एक तकनीशियन को रूम हीटर के लिए फ्यूज तार का चयन करना है। विद्युत धारा के तापन प्रभाव के आधार पर सुरक्षा के लिए किस गुणधर्म को सबसे महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. फ्यूज तार के चिरस्थायित्व के लिए उच्च गलनांक होना चाहिए।
✓ 2. अतिरिक्त धारा के दौरान परिपथ को विच्छेदित करने के लिए फ्यूज तार का गलनांक निम्न होना चाहिए।
✗ 3. दक्ष शीतलन के लिए फ्यूज तार का पृष्ठ चमकदार होना चाहिए।
✗ 4. पिघलने से रोकने के लिए फ्यूज तार को उच्च प्रतिरोध वाला और मोटा होना चाहिए।

Q.91 परिसीमित (confined) स्थानों में वायु में तैरते रासायनिक कणों से जुड़े कार्यों के लिए किस प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सर्वाधिक उपयुक्त होते हैं?

Ans
✗ 1. रसायन-रोधी दस्तानों का उपयोग करके हाथों की सुरक्षा
✓ 2. श्वसन सुरक्षा उपकरण जैसे कि हाफ-फेस मास्क
✗ 3. औद्योगिक-ग्रेड हार्ड हैट के साथ सिर की सुरक्षा
✗ 4. ज्वाला-मंदक सूट के साथ शारीरिक सुरक्षा

Q.92 एक व्यक्ति के वेतन में तीन क्रमागत वर्षों में क्रमशः 10%, 20% और 25% की वृद्धि होती है। तीसरे वर्ष के अंत में, वेतन में कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 50%
✓ 2. 65%
✗ 3. 60%
✗ 4. 30%

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.93 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(**नोट**: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

6 – 16 – 23 – 32; 7 – 19 – 26 – 35

Ans
✓ 1. 12 – 34 – 41 – 50
✗ 2. 8 – 22 – 15 – 24
✗ 3. 11 – 31 – 38 – 29
✗ 4. 4 – 14 – 21 – 30

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इंजीनियरिंग ड्राइंग में प्रयुक्त त्रिभुज का सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. त्रिभुज की सभी भुजाओं की लंबाई सदैव बराबर होनी चाहिए।
✗ 2. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसकी तीनों भुजाएँ वक्रित होती हैं।
✗ 3. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें चार सीधी भुजाएँ और चार कोण होते हैं।
✓ 4. त्रिभुज एक ऐसा बहुभुज है जिसमें तीन सीधी भुजाएँ और तीन कोण होते हैं।

Q.95 कम्प्यूटिंग में CPU का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
✗ 1. Computer Processing Unit (कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट)
✓ 2. Central Processing Unit (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 3. Control Processing Unit (कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट)
✗ 4. Core Processing Unit (कोर प्रोसेसिंग यूनिट)

Q.96 किसी तार में एक निश्चित समय तक विद्युत धारा प्रवाहित होने पर उसमें उत्पन्न ऊष्मा की मात्रा में कौन-सा कारक वृद्धि करता है?

Ans
✓ 1. तार के प्रतिरोध में वृद्धि करना
✗ 2. तार में धारा को कम करना
✗ 3. तार की लंबाई कम करना
✗ 4. तार को मोटा बनाना

Q.97 निम्नलिखित में कौन-सा, इंजीनियरिंग ड्राइंग में सम्मुख दृश्य (front view) का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✓ 1. यह सामने से देखने पर वस्तु की ऊंचाई और चौड़ाई को दर्शाता है
✗ 2. यह वस्तु का केवल निचले या दाएं पार्श्व को दर्शाता है
✗ 3. यह वस्तु की केवल एक विमा को दर्शाता है
✗ 4. यह पार्श्व से देखने पर वस्तु की गभीरता और ऊंचाई को दर्शाता है

Q.98 कुछ रासायनिक प्रशीतक-द्रव्यों को प्रतिबंधित करने से ओजोन परत को होने वाली क्षति में प्रभावी रूप से कमी क्यों आती है?

Ans
✗ 1. प्रशीतक-द्रव्यों में ऐसे कण होते हैं जो हानिकारक UV प्रकाश को अवशोषित करते हैं।
✓ 2. प्रशीतक-द्रव्य ऐसे पदार्थ मुक्त करते हैं जो ओजोन विघटन को उत्प्रेरित करते हैं।
✗ 3. प्रशीतक-द्रव्य, ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित करते हैं जो समतापमंडल को गर्म करती हैं।
✗ 4. प्रशीतक-द्रव्य, ऑक्सीजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे ओजोन पुनःप्राप्ति में सहायता मिलती है।

Q.99 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 7 20 61 ?

Ans
✗ 1. 181
✓ 2. 182
✗ 3. 183
✗ 4. 185

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.100 मान लीजिए C एक वृत्त है, तथा AB और DE वृत्त C पर दो जीवाएँ इस प्रकार हैं कि AB = BE है। चतुर्भुज ABED में, मान लीजिए AE और BD, F पर प्रतिच्छेद करते हैं, ∠DBE = 55° और ∠BAE = 40° है। ∠FED ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 45°
✗ 2. 60°
✗ 3. 55°
✗ 4. 110°

Section : Part B (Machinist)

Q.101 शुंडाकार खरादन (taper turning) के लिए टेलस्टॉक ऑफसेट विधि में, टेलस्टॉक का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
✗ 1. टूल फीड की दिशा निर्धारित करना
✗ 2. थ्रेडिंग प्रचालनों में सहायता करना
✓ 3. शुंडाकार बनाने के लिए संरेखण निर्धारित करना
✗ 4. प्रचालन के दौरान स्पिंडल चाल को समायोजित करना

Q.102 यदि तप्त कार्य (hot work) के दौरान स्फुर अग्नि (flash fire) की घटना होती है, तो श्रमिक की **तत्काल** प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए?

Ans
✓ 1. निकटतम फायर अलार्म को सक्रिय करना और आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार क्षेत्र को खाली करना
✗ 2. अग्नि आपातकाल के प्रति कार्रवाई करने से पहले वर्तमान तप्त कार्य गतिविधि को पूरा करना
✗ 3. कार्यशाला के जारी प्रचालनों में व्यवधान से बचने के लिए घटना को अस्थायी रूप से छिपाने का प्रयास करना
✗ 4. आस-पास के श्रमिकों या पर्यवेक्षकों को सूचित करने से पहले अकेले ही स्फुर अग्नि के शमन का प्रयास करना

Q.103 यदि किसी घन का आयतन 3375 cm^3 है, तो इसकी एक भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 18 cm
✗ 2. 20 cm
✗ 3. 12 cm
✓ 4. 15 cm

Q.104 कार्बाइड ड्रिल (carbide drill) के लिए सबसे उपयुक्त अनुप्रयोग कौन-सा है?

Ans
✗ 1. केवल लकड़ी की वस्तुओं में ड्रिलिंग
✗ 2. मैन्युअल धातु का बंकन
✗ 3. प्लास्टिक पदार्थों की आंतरिक सतहों की फिनिशिंग
✓ 4. कठोर पदार्थों की उच्च-चाल मशीनन

Q.105 पावर विफलता (power failure) के दौरान, कार्यशालाओं में सुरक्षित आवागमन के लिए सामान्यतः किस प्रकाश व्यवस्था का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. परिवेश प्रकाश व्यवस्था (Ambient lighting)
✗ 2. सजावटी प्रकाश व्यवस्था (Decorative lighting)
✓ 3. आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था (Emergency lighting)
✗ 4. कार्य प्रकाश व्यवस्था (Task lighting)

Q.106 एक मशीनिस्ट बेलनाकार ग्राइंडिंग के दौरान कार्यवस्तु के पृष्ठ पर आवधिक निशान का अवलोकन करता है। मशीन की शिथिलता और व्हील के संतुलन की जांच करने के बाद, यदि निशान बने रहते हैं, तो चैटर (chatter) को समाप्त करने के लिए किस समायोजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए?

Ans
✗ 1. ग्राइंडिंग व्हील की फीड दर कम करना
✗ 2. मृदु ग्रेड वाले ग्राइंडिंग व्हील का उपयोग करना
✓ 3. कार्यवस्तु सपोर्ट की दृढ़ता बढ़ाना
✗ 4. ग्राइंडिंग व्हील की चाल बढ़ाना

Q.107 फिट (fits) में BIS सहिष्णुता संकेतन, शैफ्ट पदनाम से पहले छिद्र पदनाम (hole designation) को क्यों निर्दिष्ट करता है?

Ans
✓ 1. फिट के लिए उपयोग किए जाने वाले छिद्र आधारित या शैफ्ट आधारित संबंध को इंगित करने के लिए
✗ 2. मापन के दौरान निरीक्षण अनुक्रम की पहचान करने के लिए
✗ 3. मशीनन के बाद प्राप्त वास्तविक साइज़ को निरूपित करने के लिए
✗ 4. छिद्र से पहले शैफ्ट के सहिष्णुता परिमाण को निर्दिष्ट करने के लिए

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.108 एक विवृत-लूप CNC नियंत्रण प्रणाली (open-loop CNC control system) में, मशीनन के दौरान लोड विक्षोभ आने पर क्या होता है?

Ans ✓ 1. प्रणाली त्रुटि का संसूचन नहीं कर सकती है या उसे ठीक नहीं कर सकती है
✗ 2. प्रणाली स्वतः विक्षोभ की क्षतिपूर्ति कर देती है
✗ 3. त्रुटि को समायोजित करने के लिए प्रणाली मंद हो जाती है
✗ 4. प्रणाली ऑपरेटर को रोकने के लिए एक अलार्म भेजती है

Q.109 एक विद्यार्थी का दावा है कि V-ब्लॉक का उपयोग गोल जॉब (round jobs) की तरह ही सपाट जॉब (flat jobs) को पकड़ने के लिए प्रभावी रूप से किया जा सकता है। यह कथन गलत क्यों है?

Ans ✗ 1. क्योंकि फ्लैट जॉब अति-भारी होते हैं
✗ 2. क्योंकि V-ब्लॉक केवल बृहत जॉब के लिए बनाए जाते हैं
✗ 3. क्योंकि V-ब्लॉक फ्लैट जॉब को क्षति पहुँचाते हैं
✓ 4. क्योंकि V-ब्लॉक में फ्लैट जॉब का पृष्ठ संपर्क कम होता है

Q.110 एक मशीनिस्ट, प्रत्यक्ष इंडेक्सिंग (direct indexing) का उपयोग करके एक वर्कपीस को 8 बराबर भागों में विभाजित करना चाहता है। 24-छिद्र वाली प्लेट पर प्रत्येक विभाजन के बीच कितने छिद्र आगे बढ़ाए जाने चाहिए?

Ans ✗ 1. प्रत्येक बार 4 छिद्र आगे बढ़ाना
✗ 2. प्रत्येक बार 2 छिद्र आगे बढ़ाना
✗ 3. प्रत्येक बार 6 छिद्र आगे बढ़ाना
✓ 4. प्रत्येक बार 3 छिद्र आगे बढ़ाना

Q.111 निम्नलिखित में से कौन-सा, सामान्यतः मशीन के डाउनटाइम (downtime) का कारण **नहीं** है?

Ans ✗ 1. अनुक्रमिका अनुरक्षण (Scheduled maintenance)
✓ 2. निरंतर उत्पादन रन (Continuous production run)
✗ 3. उपकरण विफलता (Equipment failure)
✗ 4. विद्युत प्रदाय अंतरायन (Power supply interruption)

Q.112 एक इस्पात प्लेट का द्रव्यमान 8.516 kg है। यदि इसका आयतन 1089 cm^3 है, तो इसका घनत्व (gm/cm^3 में) कितना होगा?

Ans ✗ 1. 7.25
✓ 2. 7.82
✗ 3. 8.50
✗ 4. 8.00

Q.113 प्रभाव कार्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले टूल के प्रघात प्रतिरोध को अधिकतम करने के लिए ऊष्मा उपचार प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। अभीष्ट गुण संवृद्धि प्राप्त करने के लिए कौन-सी प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए?

Ans ✓ 1. मज्जशीतन के बाद टैम्परन
✗ 2. टैम्परन के बिना मज्जशीतन
✗ 3. उच्च ताप पर पूर्ण अनीलन
✗ 4. ग्रेन संरचना को परिष्कृत करने के लिए नार्मलाइजन

Q.114 निम्नलिखित में से कौन-सा, बहु-बिंदु कर्तन टूल (multipoint cutting tool) है?

Ans ✗ 1. पृथक्कारी टूल (Parting tool)
✗ 2. खराद टूल (Lathe tool)
✗ 3. प्रवेधन दंड (Boring bar)
✓ 4. भ्रमि कर्तक (Milling cutter)

Q.115 एक प्रशिक्षु गलती से स्वचालित टूल चेंजर (tool changer) को सक्रिय कर देता है जबकि हाथ टरेट (turret) के पास है। पैनल कंट्रोल का उपयोग करके सबसे सुरक्षित तत्काल कार्रवाई क्या है?

Ans ✓ 1. मशीन संचलन को तुरंत रोकने के लिए आपातकालीन स्टॉप (emergency stop) को सक्रिय करें
✗ 2. ओवरराइड डायल (override dial) का उपयोग करके अक्षीय संचलन चाल को कम करें
✗ 3. पैनल कंट्रोल पर मैनुअल मोड (manual mode) पर स्विच करें
✗ 4. प्रोग्राम निष्पादन को रोकने के लिए साइकिल पॉज़ बटन (cycle pause button) दबाएं

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.116 किस प्रकार की प्रवेधन मशीनों को विशेष रूप से एकाधिक स्पिंडल को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि एक ही समय में विभिन्न प्रवेधन कार्य किए जा सकें?

Ans
✗ 1. उदग्र प्रवेधन मशीन (Upright drilling machine)
✗ 2. त्रिज्य प्रवेधन मशीन (Radial drilling machine)
✗ 3. बेंच प्रवेधन मशीन (Bench drilling machine)
✓ **4. गैंग प्रवेधन मशीन (Gang drilling machine)**

Q.117 रीमर (reamer) को छिद्र से बाहर निकालते समय पीछे की ओर (उल्टा) क्यों नहीं घुमाना चाहिए?

Ans
✗ 1. इससे पृष्ठ के परिष्करण में सुधार होगा
✗ 2. यह छीलन को बाहर निकलने से रोकता है
✓ **3. यह कर्तन कोरों और यथार्थता को क्षति पहुंचाता है**
✗ 4. यह टूल के तापमान को कम करता है

Q.118 खराद (lathe) का कौन-सा भाग, बेड के बाएं सिरे पर माउंट किया जाता है?

Ans
✗ 1. टूल पोस्ट (Tool post)
✗ 2. कैरिज (Carriage)
✗ 3. टेलस्टॉक (Tailstock)
✓ **4. हेडस्टॉक (Headstock)**

Q.119 भारी मिलिंग ऑपरेशन के लिए सेटअप करते समय, यह सुनिश्चित करना क्यों महत्वपूर्ण है कि ओवरआर्म (overarm) और रैम (ram) अपनी स्थिति पर सुरक्षित रूप से लॉक हों?

Ans
✓ **1. कर्तन के दौरान अवांछित संचलन को रोकता है**
✗ 2. शीतलक प्रवाह दर में सुधार करता है
✗ 3. स्पिंडल की घूर्णी चाल को बढ़ाता है
✗ 4. टेबल की ट्रैवल दूरी को बढ़ाता है

Q.120 इंजीनियरिंग ड्राइंग में सिंगल-स्ट्रोक अक्षरांकन (single-stroke lettering) के लिए किस ग्रेड की पेंसिल की अनुशंसा की जाती है?

Ans
✗ 1. B ग्रेड
✗ 2. F ग्रेड
✓ **3. HB ग्रेड**
✗ 4. 2H ग्रेड

Q.121 टूल्स को निघर्षण का प्रतिरोध करने और पुनरावर्ती प्रचालनों के दौरान विश्वसनीयता के साथ कार्य करने की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए ऊष्मा उपचार द्वारा सामान्यतः कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक बढ़ाया जाता है?

Ans
✓ **1. निघर्षण प्रतिरोध**
✗ 2. मशीननीयता
✗ 3. प्रत्यास्थता
✗ 4. चीमड़पन

Q.122 परिशुद्ध स्थिति मापन के लिए, CNC VMC मशीनों में सर्वाधिक किस प्रकार के एनकोडर का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. ऑप्टिकल सेंसर (Optical sensor)
✓ **2. रोटरी एनकोडर (Rotary encoder)**
✗ 3. लीनियर एनकोडर (Linear encoder)
✗ 4. लिमिट स्विच (Limit switch)

Q.123 स्ट्रैडल मिलिंग (straddle milling) प्रचालन के दौरान, मशीनन के बाद दोनों समानांतर पृष्ठों पर चैटर चिह्न प्रेक्षित किए जाते हैं। कौन-सा समायोजन इस दोष को कम करने की सर्वाधिक संभावना रखता है?

Ans
✗ 1. स्थूलतर फीड दर (coarser feed rate) का उपयोग करना
✓ **2. आर्बर पर कटर ओवरहैंग (cutter overhang) को कम करना**
✗ 3. स्पिंडल स्पीड (spindle speed) को काफी हद तक बढ़ाना
✗ 4. टेबिल फीड (table feed) में काफी वृद्धि करना

Blackbook

Q.124 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, CNC VMC प्रोग्रामिंग में वर्क ऑफसेट सेट करने के उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans ✗ 1. एक वर्क ऑफसेट का उपयोग यथार्थ मशीनिंग के लिए विशेष रूप से CNC VMC में टूल परिवर्तन (tool change) प्रचालन के दौरान किया जाता है।

✗ 2. एक वर्क ऑफसेट, यथार्थ मशीनिंग के लिए CNC VMC में प्रोग्राम सेटअप (program setup) के दौरान टूल की लंबाई को संशोधित करता है।

✓ **3. एक वर्क ऑफसेट (work offset), यथार्थ मशीनिंग के लिए मशीन जीरो और पार्ट जीरो के बीच के संबंध को स्थापित करता है।**

✗ 4. एक वर्क ऑफसेट, यथार्थ मशीनिंग (accurate machining) के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक टूल के लिए CNC मशीन की होम पोजीशन को परिवर्तित करता है।

Q.125 खराद मशीन पर ऐलुम्नियम मशीनन को बेहतर बनाने के लिए सामान्यतः किस तरल का उपयोग किया जाता है?

Ans ✓ **1. विलेय तेल-आधारित शीतलक**

✗ 2. शीतलक के रूप में शुद्ध जल

✗ 3. बिना योज्य वाला किरोसिन

✗ 4. संश्लेषित कर्तन तरल

Q.126 एक मैकेनिक, भंडारण के बावजूद एक रेती पर जंग के धब्बे प्रेक्षित करता है। इस परिदृश्य में अनुरक्षण का कौन-सा चरण संभवतः छोड़ दिया गया था?

Ans ✗ 1. प्लास्टिक के हैंडल का उपयोग करना

✗ 2. रेती के दंतों को तीक्ष्ण करना

✗ 3. एमरी वस्त्र से पॉलिश करना

✓ **4. भंडारण से पूर्व हल्के तेल का अनुप्रयोग करना**

Q.127 यदि V-ब्लॉक की स्पर्शी पृष्ठ घिस जाएं, तो सबसे उचित कार्रवाई _________ है।

Ans ✗ 1. पृष्ठ को पेंट करना

✗ 2. निघर्षण को अनदेखा करना

✗ 3. क्लैम्पन बल को बढ़ाना

✓ **4. V-ब्लॉक को बदलना या पुनः मरम्मत करना**

Q.128 प्रत्यगामी टेबल विधि का उपयोग करते समय, अपघर्षण पहिये के सापेक्ष पृष्ठ अपघर्षित्र टेबल (surface grinder table) का प्राथमिक संचलन क्या है?

Ans ✓ **1. पश्च-अग्र रैखिक गति (Back-and-forth linear motion)**

✗ 2. पार्श्व-पार्श्व रैखिक गति (Side-to-side linear motion)

✗ 3. ऊपर-नीचे ऊर्ध्वाधर गति (Up-and-down vertical motion)

✗ 4. घूर्णी वर्तुल गति (Rotary circular motion)

Q.129 लागत-निर्धारण के संदर्भ में 'मशीन-घंटा दर (machine hour rate)' का क्या अर्थ है?

Ans ✓ **1. प्रति मशीन घंटे पर लगने वाली फैक्ट्री उपरिव्यय लागत**

✗ 2. प्रति मशीन दिन अर्जित कुल प्रचालन लाभ

✗ 3. एक वर्ष के लिए आवंटित मशीन-संबंधी कुल लागत

✗ 4. प्रति शिफ्ट अर्जित कुल मशीन-जनित संप्राप्ति

Q.130 एक पंचर प्ररूप स्लॉटर (puncher type slotter) में, कर्तन टूल का प्राथमिक संचलन क्या है?

Ans ✗ 1. क्षैतिज रूप से घूर्णी

✗ 2. वृत्तों में दोलनी

✓ **3. ऊर्ध्वाधर रूप से प्रत्यागामी**

✗ 4. विकर्णतः गतिमान

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.131 जब कंपाउंड रेस्ट (Compound rest) को भ्रामी (Swiveling) करने के स्थान पर शुंडाकार खरादन संलग्नी (Taper turning attachment) का उपयोग किया जाता है, तो कौन-सी मशीनन क्षमता महत्वपूर्ण रूप से बढ़ जाती है?

Ans
✓ 1. यह यथार्थ रूप से लंबे टेपरों के उत्पादन को सक्षम बनाता है
✗ 2. यह कार्यवस्तु पर चूड़ी कर्तन करने की सुविधा प्रदान करता है
✗ 3. इससे टूल होल्डर हल्का हो जाता है, जिससे इसका प्रहस्तन आसान हो जाता है
✗ 4. यह कार्यवस्तु पदार्थ की कठोरता को कम करता है

Q.132 जब वर्कपीस को केंद्रों के बीच सपोर्ट दिया जाता है और घुमाया जाता है, तब सिलिंड्रिकल ग्राइंडिंग की किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. थ्रू-फ़ीड ग्राइंडिंग विधि (Through feed grinding method)
✗ 2. एंड फ़ीड ग्राइंडिंग विधि (End feed grinding method)
✗ 3. इनफ़ीड सेंटर-लेस विधि (Infeed center-less method)
✓ 4. ट्रैवर्स ग्राइंडिंग विधि (Traverse grinding method)

Q.133 10 mm ट्विस्ट ड्रिल और 0.15 mm/rev की अनुशंसित फीड दी गई है, तो 20 परिक्रमणों के बाद कुल फीड क्या है?

Ans
✗ 1. 0.75 मिलीमीटर
✗ 2. 1.50 मिलीमीटर
✓ 3. 3.00 मिलीमीटर
✗ 4. 2.00 मिलीमीटर

Q.134 निम्नलिखित में से किस परिदृश्य में लंबकोणीय प्रक्षेप में एकाधिक सहायक दृश्यों (auxiliary views) के उपयोग की आवश्यकता होती है?

Ans
✗ 1. एक आयताकार खंड जिसकी फलक पूरी तरह से सपाट और सीधी हों।
✓ 2. एक भाग जिसकी कई पृष्ठ अलग-अलग कोणों पर आनत हों।
✗ 3. एक वस्तु जिसके सभी पृष्ठ, मुख्य तलों के समानांतर हों।
✗ 4. एक बेलन जिसका अक्ष सभी तलों के लंबवत हो।

Q.135 कार्यशाला में किस असुरक्षित पद्धति से विद्युत संबंधी दुर्घटनाएं हो सकती हैं?

Ans
✓ 1. मशीनों पर सुरक्षा अंतःपाश को बायपास करना
✗ 2. उपस्कर का उपयोग करने से पहले वोल्टता की जांच करना
✗ 3. कार्य के दौरान सुरक्षा जूते पहनना
✗ 4. स्विच का प्रचालन करते समय सूखे हाथों का उपयोग करना

Q.136 किसी कार्यशाला में विद्युत जोखिमों से बचने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा PPE उपयुक्त होता है?

Ans
✗ 1. लेटेक्स दस्ताने
✗ 2. सूती दस्ताने
✗ 3. चमड़े के दस्ताने
✓ 4. रोधी दस्ताने

Q.137 निर्धारित मानक के अनुसार, इंजीनियरिंग ड्राइंग शीट पर शीर्षक ब्लॉक कहां स्थित होना चाहिए?

Ans
✓ 1. नीचे दाईं ओर के कोने में
✗ 2. ऊपर बाईं ओर के कोने में
✗ 3. नीचे बाईं ओर के कोने में
✗ 4. ऊपर दाईं ओर के कोने में

Q.138 एक CNC टर्निंग सेंटर में, ऑपरेटर यह पाता है कि प्रोग्राम किए गए पुर्जे के तीक्ष्ण कोने स्वचालित रूप से एक लघु त्रिज्या के साथ मिश्रित हो जाते हैं। तीक्ष्ण कोनों को पुनः प्राप्त करने के लिए किस टूल कंपनसेशन सेटिंग की जाँच की जानी चाहिए?

Ans
✗ 1. टरेट में टूल परिवर्तन स्थिति
✓ 2. वर्तमान टूल के लिए टूल त्रिज्या का ऑफसेट मान
✗ 3. कर्तन के दौरान शीतलक दाब समायोजन
✗ 4. परिसज्जन के दौरान स्पिंडल पावर सेटिंग

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.139 CNC लेथ के प्रचालन के दौरान, टूल के अप्रत्याशित संचलन के कारण टूल, चक (chuck) के संपर्क में आ जाता है। इस संघट्ट से किस प्रकार की मशीन क्षति होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans
- ✗ 1. स्पिंडल बेयरिंग में विफलता (Spindle bearing failure)
- ✗ 2. शीतलक रिसाव (Coolant leakage)
- ✓ **3. चक जबड़ा विरूपण (Chuck jaw deformation)**
- ✗ 4. आधार कुसंरेखण (Bed misalignment)

Q.140 लोहाकाट आरी फलक की पिच (प्रति इंच दंतों की संख्या) उसकी कर्तन की क्षमता को कैसे प्रभावित करती है?

Ans
- ✗ 1. पिच सामग्री केवल फलक के जीवनकाल को प्रभावित करती है
- ✗ 2. सभी सामग्रियों के लिए स्थूलतर पिच बेहतर होता है
- ✗ 3. पिच केवल कर्तन के दौरान ऊष्मा उत्पादन को प्रभावित करती है
- ✓ **4. सूक्ष्मतर पिच से अधिक मसृण कट प्राप्त होते हैं**

Q.141 किसी CNC खराद के प्रचालन के समय, टूल के अप्रत्याशित संचलन के कारण वह चक (chuck) के संपर्क में आ जाता है। इस संघट्टन के कारण मशीन में किस प्रकार की क्षति होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans
- ✗ 1. CNC कंट्रोलर सॉफ्टवेयर त्रुटियाँ
- ✗ 2. टूल परिवर्तन के दौरान टूल मैगजीन जैमिंग
- ✗ 3. चक्र के दौरान अस्थिर स्पिंडल चाल
- ✓ **4. टरेट अपसंरेखण या क्षति**

Q.142 CNC VMC मशीनों के संवृत-लूप नियंत्रण में एन्कोडर जैसे फीडबैक डिवाइस का महत्व क्या है?

Ans
- ✗ 1. यह अपनी चाल को समायोजित करने के लिए मशीन से किसी भी फीडबैक के बिना स्वतंत्र रूप से प्रचालित होता है।
- ✓ **2. यह नियंत्रक को मशीनिंग के दौरान उपकरण की गति में त्रुटियों को सुधार करने की सुविधा प्रदान करता है।**
- ✗ 3. यह स्पिंडल की प्रारंभिक चाल निर्धारित करता है लेकिन उसकी स्थिति की निगरानी नहीं करता है।
- ✗ 4. यह सूचना हेतु प्रचालक के लिए स्क्रीन पर स्थिति की जानकारी प्रदर्शित करता है।

Q.143 कौन-सा पद किसी रेती (file) पर प्रति इंच दंतों की संख्या को संदर्भित करता है?

Ans
- ✗ 1. आकार (Shape)
- ✓ **2. कट (Cut)**
- ✗ 3. पिच (Pitch)
- ✗ 4. लंबाई (Length)

Q.144 स्लॉटिंग मशीन पर कीवे (keyways) के कर्तन के लिए सामान्यतः किस टूल का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. राउंड नोज टूल (Round nose tool)
- ✓ **2. सिंगल पॉइंट टूल (Single point tool)**
- ✗ 3. डायमंड पॉइंट टूल (Diamond point tool)
- ✗ 4. फॉर्म्ड टूल टाइप (Formed tool type)

Q.145 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, कुंडलिनी (helix) को एक सरल सर्पिल (spiral) से विभेदित करती है?

Ans
- ✗ 1. कुंडलिनी एक संवृत लूप बनाती है, जबकि सर्पिल सदैव विवृतांत (open-ended) रहती है।
- ✗ 2. कुंडलिनी और सर्पिल दोनों एकल तल (single plane) में होती हैं, लेकिन आकार में भिन्न होती हैं।
- ✗ 3. कुंडलिनी सदैव एक ही बिंदु से शुरू होती है, जबकि सर्पिल ऐसा नहीं करती है।
- ✓ **4. कुंडलिनी एक अक्ष के परितः त्रि-विमीय रूप में विस्तारित होती है, जबकि सर्पिल एक तल में सपाट रहता है।**

Q.146 प्लेट कैम (plate cam) का उत्पादन करते समय, विनिर्माण के दौरान टेम्पलेट (template) या पैटर्न का उपयोग करना क्यों आवश्यक है?

Ans
- ✗ 1. यह कैम विनिर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री की कठोरता को बढ़ाता है
- ✓ **2. यह सुनिश्चित करता है कि कैम परिच्छेदिका, आवश्यक परिच्छेदिका के अनुसार परिशुद्ध रूप से पुनरुत्पादित हो**
- ✗ 3. यह सुनिश्चित करता है कि ऊष्मा उपचार प्रक्रिया के कारण आवलन न हो
- ✗ 4. यह प्रक्रिया को गति देता है और मिलिंग के लिए सही सेटअप सुनिश्चित करता है

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.147 एक मशीनिस्ट, स्टील घटक के कठोरन (hardening) के बाद अगले चरण के रूप में टैम्परन (tempering) का चयन करता है। इस ऊष्मा उपचार प्रक्रिया में टैम्परन के परिणामस्वरूप किस गुण में सुधार होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans ✗ 1. तन्यता में बिना किसी परिवर्तन के कण का आकार बढ़ता है
✓ 2. चीमड़पन बढ़ता है जबकि भंगुरता घटती है
✗ 3. तन्यता कम होने के साथ कठोरता बढ़ती है
✗ 4. सूक्ष्म कण संरचना के साथ सामर्थ्य घटता है

Q.148 सिलिंडरी अपघर्षण प्रचालन के दौरान, एक प्रचालक वर्कपीस के पृष्ठ पर निकट अंतराली वाले, पुनरावर्ती चिह्नों का प्रेक्षण करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा इन चैटर चिह्नों के निर्माण के लिए सर्वाधिक उत्तरदायी है?

Ans ✓ 1. शिथिल स्पिंडल बेयरिंग जिसके कारण कंपन होता है
✗ 2. व्हील लोडिंग जिसके परिणामस्वरूप ग्लेजन होता है
✗ 3. व्हील पर अत्यधिक शीतक प्रवाह
✗ 4. गलत कार्य स्पीड जिसके कारण दग्ध होते हैं

Q.149 वर्टिकल मिलिंग प्रचालनों (vertical milling operations) के दौरान प्रभावी शीतलन और स्नेहन दोनों सुनिश्चित करने के लिए शीतलक द्रव (coolant fluid) का कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?

Ans ✗ 1. कार्यवस्तु को छीलन से बचाने के लिए शीतलक में फेन उत्पन्न करने की क्षमता होनी चाहिए
✗ 2. मशीन सुरक्षा के लिए शीतलक में उच्च विद्युत चालकता होनी चाहिए
✓ 3. मशीनन के लिए शीतलक में उपयुक्त श्यानता और ऊष्मीय चालकता होनी चाहिए
✗ 4. मशीनन के दौरान सुगम दृश्यता के लिए शीतलक का रंग चमकीला होना चाहिए

Q.150 मिलिंग ऑपरेशन (milling operation) के दौरान, स्पिंडल का कौन-सा पहलू वर्कपीस पर सटीक मशीनन और पृष्ठ परिसज्जा सुनिश्चित करता है?

Ans ✓ 1. स्पिंडल का उचित संरेखण और न्यूनतम अधिधाव
✗ 2. केवल स्नेहित स्पिंडल बेयरिंग का उपयोग करना
✗ 3. बड़े कर्तकों के लिए हेवी-ड्यूटी स्पिंडल का उपयोग करना
✗ 4. स्पिंडल चाल को अनुशंसित स्तर से अधिक बढ़ाना

Q.151 मशीनों की मरम्मत के लिए अनुरक्षण कर्मचारियों की प्रतीक्षा करने के कारण एक उत्पादन लाइन में बार-बार विलंब होता है। एक मशीनिस्ट के तौर पर, इस परिदृश्य में व्यवरोध काल (down time) को न्यूनतम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्रियात्मक परिवर्तन सबसे उपयुक्त होगा?

Ans ✗ 1. अनुरक्षण कर्मचारियों की उपलब्धता के अनुसार शिफ्ट्स को पुनर्निर्धारित करना
✗ 2. मरम्मत के लिए मशीन वारंटी करारों का विस्तार करना
✓ 3. नियमित अनुरक्षण कार्यों के लिए ऑपरेटरों को प्रशिक्षित करना
✗ 4. उपलब्ध अनुरक्षण कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करना

Q.152 फेस मिलिंग (face milling) प्रचालन में कर्तन के लिए मुख्यतः मिलिंग कटर (milling cutter) के कौन-से पार्ट उपयोग किए जाते हैं?

Ans ✗ 1. कर्तक पार्श्व कोर (Cutter side edge)
✓ 2. कर्तक फलक कोर (Cutter face edges)
✗ 3. आर्बर शैफ्ट फलक (Arbor shaft face)
✗ 4. मशीन स्पिंडल बॉडी (Machine spindle body)

Q.153 एक मशीनिस्ट, सरल इंडेक्सिंग का उपयोग करके 20 दंतों वाला गियर बनाना चाहता है। मानक 40:1 विभाजक हेड पर किस सेटिंग का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans ✗ 1. 10 पूर्ण घूर्णन
✗ 2. 4 पूर्ण घूर्णन
✗ 3. 5 पूर्ण घूर्णन
✓ 4. 2 पूर्ण घूर्णन

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play

Q.154 सिलेंडरिकल ग्राइंडर (cylindrical grinder) का कौन-सा भाग ग्राइंडिंग प्रचालन के दौरान वर्कपीस को होल्ड करता और घुमाता है?

Ans
✗ 1. टेलस्टॉक (Tailstock)
✗ 2. कैरिज (Carriage)
✗ 3. ग्राइंडिंग व्हील (Grinding wheel)
✓ 4. हेडस्टॉक (Headstock)

Q.155 घटकों की प्राकृतिक विकृति (deterioration) उत्पादन को किस प्रकार से प्रभावित करती है?

Ans
✓ 1. इससे उत्पादन में और अधिक बधाएं और रुकावटें उत्पन्न होती हैं
✗ 2. यह उत्पादन की स्पीड और प्रचालन दक्षता में सुधार करता है
✗ 3. यह उत्पादन गतिविधियों के दौरान उपकरण के व्यवरोध काल को कम करता है
✗ 4. यह उपकरण के अनुरक्षण की आवश्यकताओं को समाप्त कर देता है

Q.156 किस कार्य के लिए चौरस रेती (square file) की तुलना में अर्धगोल रेती (half round file) का उपयोग करना सबसे अधिक लाभकारी होगा?

Ans
✓ 1. वक्रित खांच (curved groove) के संमिश्रण के लिए
✗ 2. तीक्ष्ण कोना (sharp corner) बनाने के लिए
✗ 3. सपाट पृष्ठ (flat surface) के समतलन के लिए
✗ 4. षट्कोणीय छिद्र (hexagonal hole) रूपित करने के लिए

Q.157 एक समांतर चतुर्भुज कब एक आयत बन जाता है?

Ans
✓ 1. जब चारों आंतरिक कोण समकोण बन जाते हैं
✗ 2. जब दोनों विकर्ण रेखाएँ लंबवत हो जाती हैं
✗ 3. जब दो आसन्न भुजाओं की लंबाई बराबर हो जाती है
✗ 4. जब चारों परिसीमा भुजाओं की लंबाई असमान हो जाती है

Q.158 यदि बेंच वाइस (bench vice) में क्लैम्पिंग दाब असमान है, तो सबसे पहले कौन-सा अनुरक्षण चरण निष्पादित किया जाना चाहिए?

Ans
✓ 1. जबड़े के संरेखण की जाँच करना और माउंटिंग बोल्ट को कसना
✗ 2. संपूर्ण वाइस को प्रतिस्थापित करना
✗ 3. हैंडल की लंबाई कम करना
✗ 4. स्नेहन मात्रा में वृद्धि करना

Q.159 2 kW पावर रेटिंग वाली एक मशीन निरंतर 5 घंटों के लिए प्रचालित होती है। इस अवधि के दौरान मशीन द्वारा कुल कितनी विद्युत ऊर्जा की खपत होती है?

Ans
✗ 1. 2.5 kWh
✗ 2. 0.4 kWh
✗ 3. 7 kWh
✓ 4. 10 kWh

Q.160 किसी भ्रमिकर्तन प्रचालन (milling operation) में, वास्तविक चक्र काल, प्राक्कलित चक्र काल से अधिक है। यदि सभी अन्य मापदंड अपरिवर्ती रहते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कारक इस विसंगति का सबसे संभावित कारण है?

Ans
✓ 1. बार-बार उपकरण को बदलना, विलंब का कारण बन रहा है
✗ 2. मशीन की स्पीड सदैव स्थिर रहती है
✗ 3. प्रचालन के दौरान पदार्थ के गुण समान रहते हैं
✗ 4. प्रचालक कौशल अपरिवर्तित है

Q.161 कर्तन के दौरान त्वरित ताप परिवर्तन से किस पदार्थ के प्रभावित होने की संभावना न्यूनतम है?

Ans
✗ 1. कार्बन टूल इस्पात
✓ 2. उच्च-चाल इस्पात (HSS)
✗ 3. ढलवां मिश्रधातु इस्पात
✗ 4. सिरेमिक टूल सामग्री

Blackbook
Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.162 निवारक अनुरक्षण के दौरान, किसी CNC VMC में ATC की ग्रिपिंग भुजाओं (gripping arms) पर असामान्य निघर्षण देखा गया है। यदि इस निघर्षण को तुरंत ठीक नहीं किया जाता है, तो किस परिचालन समस्या के होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans ✗ 1. टूल परिवर्तनों के दौरान शीतलक प्रदान नहीं किया जा सकेगा

✗ 2. ATC सही टूल नंबर पहचानने में विफल हो सकता है

✓ **3. टूल गिर सकते हैं या स्पिंडल में सुरक्षित रूप से लोड होने में विफल हो सकते हैं**

✗ 4. टूल बदलने के दौरान गलत स्पिंडल स्पीड का चयन किया जा सकता है

Q.163 लोड के अधीन खराद की दृढ़ता को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक क्या है?

Ans ✗ 1. स्पिंडल चाल रेंज

✗ 2. बेड के ऊपर स्विंग

✓ **3. बेड की चौड़ाई और डिजाइन**

✗ 4. स्पिंडल बोर व्यास

Q.164 CNC VMC मिलिंग के दौरान, एक ऑपरेटर को ऊष्मा-संवेदी कार्य के लिए स्पिंडल शुरू करने से पहले मशीन को शीतलक प्रवाह सक्रिय करने के लिए प्रोग्राम करना चाहिए। कर्तन क्षेत्र में शीतलक वितरित को सुनिश्चित करने के लिए स्पिंडल शुरू करने से पहले कौन-सा ISO M कोड प्रोग्राम किया जाना चाहिए?

Ans ✓ **1. M08**

✗ 2. M03

✗ 3. M05

✗ 4. M09

Q.165 एक मशीनिस्ट यह अवलोकन करता है कि दीर्घकालीन उपयोग के बाद CNC लेथ की स्पिंडल मोटर (spindle motor) अतितापित हो जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए स्पिंडल ड्राइव सिस्टम के किस पहलू की प्राथमिक रूप से जांच की जानी चाहिए?

Ans ✗ 1. विद्युत वायरिंग इंसुलेशन

✓ **2. शीतलन तंत्र दक्षता**

✗ 3. स्नेहन प्रणाली स्थिति

✗ 4. ड्राइव बेल्ट संरेखण

Q.166 यदि एक मशीन-मिस्त्री को अलौह धातु को ग्राइंड करना है, तो किस प्रकार का ग्राइंडिंग व्हील उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त होगा?

Ans ✗ 1. डायमंड व्हील का उपयोग अलौह धातुओं के लिए किया जाता है

✓ **2. सिलिकॉन कार्बाइड व्हील, अलौह धातुओं के लिए उपयुक्त है**

✗ 3. अलौह धातुओं के लिए एल्युमीनियम ऑक्साइड व्हील आदर्श है

✗ 4. घनाकार बोरॉन नाइट्राइड व्हील अलौह धातुओं के लिए सर्वोत्तम है

Q.167 CNC खराद पर अक्ष ओवर-ट्रैवल (axis over-travel) की समस्या का समाधान करने के बाद, प्रोग्राम को पुनः आरंभ करने से पहले कौन-सी कार्रवाई की जानी चाहिए?

Ans ✗ 1. प्रोग्राम को वहीं से तुरंत रीस्टार्ट (Restart) करें जहाँ वह रुका था

✗ 2. कार्यवस्तु (workpiece) को बदलें और एक नया सेटअप शुरू करें

✗ 3. रेफरेंस जीरो रिटर्न (reference zero return) की उपेक्षा करें और मशीनिंग जारी रखें

✓ **4. अक्ष की स्थिति सत्यापित करें और यदि आवश्यक हो, तो रेफरेंस जीरो रिटर्न (reference zero return) करें**

Q.168 कठोर मिश्रधातु घटक में एक छिद्र परिष्कृति करने के लिए एक मशीनिस्ट की आवश्यकता होती है। किस परिवेधक पदार्थ (reamer material) का चयन किया जाना चाहिए?

Ans ✗ 1. मृदु इस्पात (Mild Steel)

✗ 2. तांबा (Copper)

✓ **3. कार्बाइड (Carbide)**

✗ 4. पीतल (Brass)

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary**

GET IT ON Google Play

Q.169 1:40 टेपर को कंपाउंड रेस्ट (compound rest) का उपयोग करके घुमाया जाता है। यदि वर्कपीस की लंबाई 200 mm है, तो अभीष्ट कंपाउंड रेस्ट कोण कितना होना चाहिए?

Ans
✗ 1. 1.15 डिग्री
✓ 2. 0.36 डिग्री
✓ 3. 0.72 डिग्री
✗ 4. 1.43 डिग्री

Q.170 बेंच वाइस (bench vice) में स्पिंडल का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
✓ 1. घूर्णी गति को रैखिक गति में परिवर्तित करना
✗ 2. वर्कपीस पर घर्षण बढ़ाना
✗ 3. आधार को आलंब प्रदान करना
✗ 4. जबड़ों की सुरक्षा करना

Q.171 CNC लेथ पर छोटे से लंबे टूल में बदलते समय, मशीनन यथार्थता बनाए रखने के लिए कौन-सा समायोजन करना चाहिए?

Ans
✓ 1. टूल लंबाई के ऑफसेट मान को अद्यतन करना
✗ 2. एक भिन्न पार्ट प्रोग्राम का चयन करना
✗ 3. वर्क टेबल ऑफसेट मान को अद्यतन करना
✗ 4. स्पिंडल फीड दर को समायोजित करना

Q.172 1 कैलोरी में कितने जूल होते हैं?

Ans
✗ 1. 10.000 जूल
✓ 2. 4.186 जूल
✗ 3. 1.000 जूल
✗ 4. 2.500 जूल

Q.173 किसी ऐसे परिदृश्य में जहां किसी CNC वर्टिकल मशीनिंग सेंटर को विस्तारित प्रोडक्शन रन के दौरान अत्यंत सख्त सह्यता बनाए रखने की आवश्यकता हो, तो प्रोग्राम किए गए टूल पथ से विचलनों की पहचान करने और उन्हें रिपोर्ट करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा संवृत-लूप नियंत्रण (closed-loop control) घटक प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी है?

Ans
✓ 1. स्थितिक पुनर्निवेश ट्रांसड्यूसर (Position feedback transducer)
✗ 2. विद्युत प्रदाय मॉड्यूल (Power supply module)
✗ 3. स्पिंडल मोटर ड्राइव (Spindle motor drive)
✗ 4. शीतलक वितरण यूनिट (Coolant distribution unit)

Q.174 उपकरणों का नियमित निरीक्षण क्यों किया जाना चाहिए?

Ans
✗ 1. मशीन आउटपुट और उत्पादन दक्षता में वृद्धि करने के लिए
✓ 2. बड़ी विफलता होने से पूर्व संभावित समस्याओं की पहचान करने के लिए
✗ 3. अनुरक्षण अभिलेख और प्रलेखन प्रयासों को कम करने के लिए
✗ 4. नियमित निरीक्षण चेकलिस्ट को शेड्यूल के भीतर पूर्ण करने के लिए

Q.175 जब किसी जॉब ड्राइंग की व्याख्या की जाती है, तो पारंपरिक निरूपण के आधार पर आप एक विपाटित पिन (split pin) को ठोस पिन (solid pin) से कैसे विभेदित कर सकते हैं?

Ans
✗ 1. विपाटित पिन ड्राइंग में क्रॉसिंग लाइनों का उपयोग करता है
✓ 2. विपाटित पिन दृश्य अंतराल के साथ दो लेग्स दर्शाता है
✗ 3. विपाटित पिन निरूपण के लिए ज़िगज़ैग लाइनों का उपयोग करता है
✗ 4. विपाटित पिन केंद्र डॉट वाले वृत्त की भांति दिखाई देता है

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary GET IT ON Google Play